समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के निवास पर पहुंचकर राजेन्द्र सिहाग ने जताया आभार, साफा पहनाकर किया सम्मान।

Publisher

Published on 29 May 2025



## भूमि विकास बैकं हनुमानगढ़ के चेयरमैन बनने पर पूर्व विधायक को धन्यवाद देने पहुंचे राजेद्रं सिहाग, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों ने भी जताया समर्थन।

सवांदाता,हनुमानगढ़,राजस्थान

**हनुमानगढ़,राजस्थान**: **भूमि विकास बैकं, हनुमानगढ़** के नव नियुक्त चेयरमैन **राजेद्रं सिहाग** ने रावतसर स्थित पूर्व विधायक माननीय **अभिषेक जी मटोरिया** के निवास पर पहुंचकर उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने अभिषेक मटोरिया का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक को बधाई देते हुए उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया।

राजेन्द्र सिहाग ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का है। चेयरमैन बनने में माननीय अभिषेक मटोरिया जी का सहयोग अतुलनीय रहा है और इसके लिए वे सदा उनके ऋणी रहेंगे।

इस मौके पर क्षेत्र के अनेक **जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक** भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूर्व विधायक का आभार प्रकट किया और राजेंद्र सिहाग को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

राजेन्द्र सिहाग ने कहा, "मैं दिल से धन्यवाद देता हूं माननीय विधायक अभिषेक मटोरिया जी को, जिनके आशीर्वाद और समर्थन से मुझे भूमि विकास बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की जिम्मेदारी मिली। साथ ही, मेरे साथ इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यजनों का भी आभार जिनकी उपस्थिति ने इस मुलाकात को और भी विशेष बना दिया।"

अंत में सिहाग ने सभी समर्थकों और क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में योगदान दें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.